प्रादेशिक समाचार
दिनांक–22.12.2024 (दोपहर–1455 बजे)

केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने भारत–तिब्बत सीमा पुलिस और केन्द्रीय रिजर्व बल के जवानों के साथ फिट इंडिया साइकिल अभियान में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने जवानों के साथ मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम से रायसीना हिल तक साइकिल चलाई। उन्होंने कहा कि यह अभियान देशभर में एक हजार एक सौ से ज्यास स्थानों पर आयोजित किया जा रहा है। साइकिल न केवल लोगों को स्वस्थ रखने ब्लकि प्रदूषण नियंत्रण के लिए भी एक कारगर उपाय है।

****************

केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने देहरादून में वन–रिपोर्ट 2023 का विमोचन किया। रिपोर्ट के अनुसार, भारत का कुल वन और पौध–क्षेत्र 8 लाख 27 हज़ार वर्ग किलोमीटर से अधिक इलाक़े में फैला है जो देश के कुल क्षेत्रफल के 25 प्रतिशत से अधिक है। वर्ष 2021 के मुकाबले, 2023 में वन–क्षेत्र में लगभग डेढ़ हज़ार वर्ग किलोमीटर की वृद्धि हुई है। श्री यादव ने बताया कि वन क्षेत्र के विस्तार का लक्ष्य साल दो हजार तीस तक हासिल कर लिया जाएगा।
बता दें कि वन सर्वेक्षण रिपोर्ट हर दो साल पर जारी की जाती है।

****************

झारखंड के 19 जिलों में पिछले दो साल के अंदर एक दशमलव नौ एक प्रतिशत वन क्षेत्रों में बढ़ोतरी हुई है जबकि पांच जिलों में वन क्षेत्र घटे हैं। जिन पांच जिलों में वन क्षेत्रों में कमी आई है उनमें चतरा, पूर्वी सिंहभूम, कोडरमा, लातेहार, और सिमडेगा शामिल हैं।

****************

केंद्रीय कोयला मंत्रालय की अतिरिक्त सचिव विस्मिता तेज ने कहा कि भू–धंसान और अग्नि प्रभावित क्षेत्र से लोगों को सुरक्षित स्थान पर पुनर्वासित करना केंद्र सरकार की प्राथमिकता है। झरिया क्षेत्र में कुल 595 अग्नि प्रभावित क्षेत्र हैं, जिनमें से 81 क्षेत्र अति संवेदनशील हैं। उन्होंने पहले चरण में 81 अति संवेदनशील क्षेत्र के 14 हजार से अधिक परिवारों को स्थानांतरित करने का निर्देश दिया है। श्रीमति तेज धनबाद में झरिया पुनर्वास की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहीं थीं। इस दौरान उन्होंने रिवाइज झरिया मास्टर प्लान को जल्द कैबिनेट से मंजूरी मिलने के संकेत दिये। बता दें कि 81 अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में 14,460 परिवार रहते हैं, जिनमें से एक हजार आठ सौ साठ रैयत और करीब साढ़े बारह हजार परिवार अवैध कब्जेधारी हैं। इन्हें शिफ्ट करने की जिम्मेवारी बीसीसीएल और झरिया पुनर्वास तथा विकास प्राधिकार को दी गयी है।

****************

रेल मंत्रालय जल्द ही पटना और देवघर के बीच वंदे भारत ट्रेन चलाएगी। इससे बाबाधाम आने वाले यात्रियों को काफी सुविधा मिलेगी।

****************

बोकारो स्टील प्लांट प्रबंधन की ओर से हैप्पी स्ट्रीटका आयोजन किया गया है। लगातार दूसरे रविवार को आयेजित किये गये इस कार्यक्रम को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा गया। बोकारो के अतिरिक्त चंद्रपुरा और बेरमो के लोग भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

****************

रांची के खलारी थाना क्षेत्र स्थित निर्मल महतो चौक के पास आज अहले सुबह हथियारबंद बदमाशों ने कोयला ट्रांसपोर्टिंग में लगे तीन हाईवा को आग के हवाले कर दिया है। इस दौरान बदमाशों ने ने दहशत फैलाने के उदेश्य से तीन–चार राउंड फायरिंग भी की। घटना की

जानकारी मिलते ही खलारी, मैक्लुस्कीगंज और पिपरवार पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और आग पर काबू पाया।

*****************

लोहरदगा शहरी क्षेत्र में आज एक बड़ा हादसा टल गया। हिंडाल्को कंपनी का बाक्साइट लेकर बगडू माइंस से चली लगभग बारह रोपवे ट्राली रिहायशी इलाकों में टूट कर गिर गई। ट्राली गिरने के बाद इलाके में अफरातफरी मच गई। रविवार का दिन होने से इलाके में आवाजाही कम थी जिससे जान माल को नुकसान नहीं पहुंचा।

*********समाप्त*********